तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

12 40 छात्राओं को हॉकी, 45 छात्रों को एथलेटिक्स में निपुण बना अंतरराष्ट्रीय...



12 महर्षि वाल्मीकि जयंती पर काव्य संध्या में कवियों ने रचनाओं से बांधा समां



खबर संक्षेप

22 माह से फरार इनामी आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। पुलिस ने अफीम तस्करी के मामले में करीब 22 माह से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित अभिषेक को गिरफ्तार किया। झारखंड के जिला सरायकेला-खरसावां के गांव रूचाप निवासी अभिषेक पुत्र सुरेश को क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की टीम ने गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेजा। पुलिस के अनुसार, 28 जनवरी 2025 की रात क्राइम यूनिट सेक्टर-3 में तैनात सहायक उप निरीक्षक राकेश अपनी टीम के साथ जठेड़ी रोड स्थित एचएसआईआईडीसी राई आउटर रोड पर गश्त कर रहे थे।

110 कार्टन एसी-फ्रिज हड़पने का आरोपी पकड़ा

सोनीपत। राई थाना पुलिस ने 110 कार्टन एसी और फ्रिज से लदी गाड़ी रास्ते में रुकवाकर माल हड़पने के मामले में भिवानी जिले के गांव खावा निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। गोहाना निवासी सन्नी ने 24 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी कि उसकी महाकाल ट्रांसपोर्ट के नाम से कंपनी है। 18 अक्टूबर को उसने बहादुरगढ़ निवासी निखिल की गाड़ी किराये पर बुक की थी। 19 अक्टूबर को गाड़ी में एसी और फ्रिज के 110 कार्टन लादकर लखनऊ के लिए रवाना किए गए थे।

जेई पर रिश्वत मांगने और धमकाने का आरोप

सोनीपत। नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली के खिलाफ आम आदमी पार्टी की एंटी करप्शन विंग के प्रदेश अध्यक्ष विमल किशोर ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। विमल किशोर के नेतृत्व में 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने समर्थकों से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की है। उनका कहना है कि कार्यक्रम आधे घंटे का होगा। विमल किशोर ने अपनी शिकायत में नगर निगम के जेई पर रिश्वत मांगने और शिकायत करने पर धमकाने के आरोप लगाए।

पबनेरा की फिरनी में मिट्टी डालकर रोका पानी का बहाव

गन्नौर। गांव पबनेरा में फिरनी में मिट्टी डालकर पानी का बहाव रोकने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिरनी में पानी की निकासी प्रभावित होने से रास्ते पर पानी जमा हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। वहीं, गांव का जोहड़ भी पूरी तरह भरा हुआ है। ग्रामीणों ने पंचायत विभाग से समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, फिरनी में मिट्टी डालने से पानी का बहाव रुक गया है। इससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। फिरनी गांव में आवागमन का प्रमुख रास्ता है। ऐसे में यहां पानी का बहाव रुकने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है।

पांच दिन बाद दिल्ली में एंट्री होगी मुश्किल

सोनीपत में केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट पर होगी जांच

बस संचालकों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों और स्कूलों को नए नियमों के प्रति जागरूक करेगी पुलिस
जयपुर और आगरा जाने वाले वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 1 नवंबर 2026 से बसों के प्रवेश संबंधी नए नियम लागू होने जा रहे हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के दिशा-निर्देशों के तहत दिल्ली में प्रवेश करने वाली बसों को निर्धारित ईंधन और प्रदूषण मानकों का पालन करना होगा। इसके मद्देनजर सोनीपत पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधिकारियों को बस संचालकों और संबंधित संस्थानों को नए नियमों के बारे में जागरूक करने तथा इनकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, नियमों की जांच के लिए कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस आयुक्त ममता सिंह, आईपीएस (एडीजीपी) के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात सोनाक्षी सिंह, आईपीएस के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नए नियमों को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। पुलिस का प्रयास है कि 1 नवंबर से पहले बस संचालकों और अन्य संबंधित पक्षों को नियमों की पूरी जानकारी मिल जाए, ताकि नए प्रावधान लागू होने के बाद यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।



सोनीपत। पुलिस द्वारा जारी की गई एडवाइजरी।

सीएनजी, इलेक्ट्रिक व बीएस-6 बसों से जुड़े प्रावधान होंगे लागू

सीएक्यूएम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, दिल्ली में प्रवेश करने वाली बसों के लिए निर्धारित ईंधन और प्रदूषण मानकों का पालन अनिवार्य होगा। इसके तहत सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 मानक वाली डीजल बसों से संबंधित प्रावधान लागू होंगे। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों और दिल्ली में पंजीकृत बसों पर भी संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार नियम लागू होंगे। ऐसे में बस संचालकों को अपने वाहनों की श्रेणी और निर्धारित मानकों की जांच कर आवश्यक तैयारियां पूरी करनी होंगी।

बस संचालकों व ट्रांसपोर्ट यूनियनों के साथ बैठकें करेगी पुलिस

पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बस संचालकों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों, टूर ऑपरेटरों, स्कूलों और अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएं। इन बैठकों में नए नियमों की जानकारी देने के साथ यह भी बताया जाएगा कि दिल्ली में प्रवेश के लिए किन मानकों का पालन जरूरी है। पुलिस का उद्देश्य है कि बस संचालक समय रहते अपने वाहनों की स्थिति की जांच कर लें और नियमों के अनुरूप ही उनका संचालन करें।

पुलिस यातायात व्यवस्था पर भी रखेगी निगरानी

नए नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सोनीपत पुलिस केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच करेगी। जांच के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यातायात व्यवस्था पर भी विशेष निगरानी रखेगी, ताकि दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों से जुड़े नियमों की प्रभावी पालना कराई जा सके।

जयपुर व आगरा के लिए अपनाएं वैकल्पिक मार्ग

दिल्ली की ओर जाने वाले यातायात और नए प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने जयपुर और आगरा की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को केजीपी और केएमपी एक्सप्रेसवे का उपयोग करने की सलाह दी है। इन मार्गों से वाहन चालक दिल्ली के रास्ते जाने के बजाय अपनी यात्रा के लिए वैकल्पिक रास्ता चुन सकते हैं। इससे उन्हें अपनी यात्रा की योजना बनाने में सुविधा मिलेगी।

संत निरंकारी समागम से लौटने वालों के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें



सोनीपत। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भोड़वाल माजरी में चल रहा संत निरंकारी समागम अब अंतिम चरण में पहुंचने लगा है। ऐसे में समागम में आए संगत की घर वापसी होने लगी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने तीन स्पेशल सवारी गाड़ियों का परिचालन शुरू किया है। इन ट्रेनों का लाभ सोनीपत के यात्रियों को भी मिलेगा। दिल्ली-पानीपत मेमू स्पेशल ट्रेन सोनीपत समेत कई स्टेशनों पर ठहराव करेगी। उत्तर रेलवे की ओर से जारी समय-सारिणी के अनुसार, ट्रेन संख्या 04421 और 04422 का संचालन 28 अक्तूबर तक होगा। वहीं, पानीपत-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन संख्या 04425 का परिचालन 28 अक्तूबर और वापसी में ट्रेन संख्या 04426 का संचालन 29 अक्तूबर तक निर्धारित है। पानीपत-दिल्ली स्पेशल ट्रेन संख्या 04423 का संचालन 28 अक्तूबर और 04424 का परिचालन 29 अक्तूबर तक रहेगा।

दिल्ली-पानीपत स्पेशल ट्रेन का सोनीपत में सुबह 11:13 बजे ठहराव

ट्रेन संख्या 04421 दिल्ली जंक्शन से सुबह 10 बजे रवाना होकर सुबह 11:13 बजे सोनीपत पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद 11:15 बजे पानीपत की ओर रवाना होगी। रास्ते में भोड़वाल माजरी, समालखा और दिवाना स्टेशन पर ठहरते हुए ट्रेन दोपहर 12:05 बजे पानीपत पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04422 पानीपत से दोपहर 1:30 बजे रवाना होगी। यह दिवाना, समालखा और भोड़वाल माजरी होते हुए दोपहर 2:06 बजे सोनीपत पहुंचेगी। दोपहर 3:45 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04425 पानीपत जंक्शन से रात 11 बजे रवाना होकर 11:24 बजे भोड़वाल माजरी पहुंचेगी। इसके बाद गन्नौर और राजलू गढ़ी होते हुए ट्रेन रात 11:50 बजे सोनीपत पहुंचेगी। यहां से 11:51 बजे रवाना होकर ट्रेन अगले दिन रात 1:30 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04426 हजरत निजामुद्दीन से रात 2 बजे रवाना होगी। अलसुबह 3:25 बजे सोनीपत पहुंचेगी। यहां से 3:26 बजे रवाना होकर ट्रेन राजलू गढ़ी, गन्नौर, भोड़वाल माजरी, समालखा और दिवाना के रास्ते सुबह 4:30 बजे पानीपत पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04423 पानीपत जंक्शन से रात 8 बजे रवाना होकर 8:20 बजे भोड़वाल माजरी पहुंचेगी।

एचएसवीपी कार्यालय के बाहर कर्मियों का प्रदर्शन, कार्यकारी अभियंता का पुतला फूंका

- भ्रष्टाचार की जांच, एफआईआर में नामजद लोगों की गिरफ्तारी व कर्मियों को नौकरी सुरक्षा पत्र देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 के बाहर मंगलवार को हुडा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन और हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से जुड़े कर्मचारियों ने धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता के पुतले को जूतों का हार पहनाकर दहन किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने, हमले की साजिश के आरोपितों को गिरफ्तार करने और अन्य मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। धरने की अध्यक्षता यूनियन जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव योग प्रकाश नागर और जिला उपाध्यक्ष शमशेर सिंह ने किया। मंच की जिला प्रधान मीना सैनी, मुकेश कर्मा, अशोक छिक्कारा, रोहतास पंच, सुरेश मदीना, सुरेंद्र लड़वाल, रमन जून, मदन मोहन नागर, धीर सिंह नागर और प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने भी विचार रखे। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि एचएसवीपी के दोनों मंडलों में कथित फर्जी बिलों और कोटेशन में अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार, राज्य सतर्कता ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराने की मांग की। साथ ही एफआईआर नंबर 209, दिनांक 18 अगस्त 2026 में नामजद कार्यकारी अभियंता अजीत सिंह, एसडीओ विजेंद्र सिंह और धीरज सरोहा सहित अन्य नामजद लोगों की गिरफ्तारी की मांग की।



स्टेशन पर प्रेमी संग मिली तीन बच्चों की मां, हंगामा

परिजनों ने हिसार पुलिस को दी थी घर से लापता होने की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत रेलवे स्टेशन के बाहर एक महिला को लेकर उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ लोग उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास कर रहे थे। महिला को लेकर खींचतान जैसी स्थिति देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। शुरुआत में लोगों को लगा कि कुछ व्यक्ति महिला के अपहरण का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बाद में पता चला कि महिला तीन बच्चों की मां है और कुछ दिन पहले बिना बताए घर से चली गई थी।

परिजन उसकी तलाश करते हुए सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंचे थे, जहां



वह एक अन्य व्यक्ति के साथ मिली। उक्त व्यक्ति को महिला का प्रेमी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, महिला के घर से चले जाने के बाद परिजनों ने हिसार पुलिस को इसकी सूचना दी थी। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान महिला के सोनीपत रेलवे स्टेशन पर होने की जानकारी मिली तो परिजन यहां पहुंच गए। स्टेशन के बाहर महिला को दूसरे व्यक्ति के साथ देखकर परिजन उसे अपने साथ ले जाने के लिए समझाने लगे। इसी दौरान वहां हंगामे की स्थिति बन गई और आसपास के लोग एकत्रित हो गए। काफी देर तक महिला को समझाने का प्रयास किया गया। बाद में परिजन उसे अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गए। शुरुआत में महिला को लेकर हुए घटनाक्रम को देखकर लोग अपहरण की आशंका जता रहे थे, लेकिन बाद में मामला परिजनों और महिला से जुड़ा होने की बात सामने आई।

परिजन महिला को लेकर लौटे

सोनीपत स्टेशन के बाहर महिला को लेकर हंगामा होने की सूचना मिली थी, लेकिन परिजनों की ओर से हिसार में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया था। मामला शांत होने के बाद परिजन महिला को लेकर चले गए।
-इंस्पेक्टर भगवान दास, थाना प्रभारी, जीआरपी



गोहाना। फसल कटाई प्रयोग का आकलन करते हुए डॉ. राजेंद्र व अन्य अधिकारी।

बीमित फसल के कराए जाएंगे चार फसल कटाई प्रयोग

गोहाना। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन में धान, कपास, बाजरा और मक्का की पैदावार का आकलन करने के लिए प्रत्येक गांव में बीमित फसल के चार-चार फसल कटाई प्रयोग कराए जाएंगे। धान के खेतों का चयन स्मार्ट सैंपलिंग और कपास, बाजरा व मक्का के खेतों का चयन रैंडम नंबर प्रणाली के आधार पर किया गाय है। प्रयोगों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा और उपमंडल कृषि अधिकारी डा. राजेंद्र मेहरा ने गांव कैलाना खास में फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। डा. राजेंद्र मेहरा ने फील्ड कर्मियों को फसल कटाई प्रयोग सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर पांच गुणा पांच मीटर क्षेत्र में फसल कटाई प्रयोग करवाकर पैदावार का आकलन किया। उन्होंने कहा कि फसल की उत्पादकता के सही आंकड़े तैयार करने के लिए निर्धारित क्षेत्र की फसल की कटाई और माप में पूरी सावधानी बरतना जरूरी है। सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा ने कहा कि खेतों के चयन में पटवारी का सहयोग भी लिया जाता है।

दिल्ली रैली में देश से जुटेंगे दस लाख लोग : सोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कांग्रेस ब्लॉक (ग्रामीण) अध्यक्ष सुनील दहिया के कार्यालय पर एआईसीसी से सम्बद्ध तीन जिलों की वोट बचाओ देश बचाओ अभियान प्रभारी नीतू वर्मा सोइन खरखौदा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ मिलकर भाजपा चुनाव दर चुनाव में वोट के घोटाले कर चुनाव जीत रही है। जिसका पर्दाफाश विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि पहले तो चुनाव ईवीएम घोटाला करके जीता जाता था। अब तो चुनाव आयोग को



खरखौदा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद कांग्रेस नेत्री व अन्य।

अपना मुखौटा बनाकर वोटर लिस्ट में ही गड़बड़ी कर चुनाव जीत रही है। एक व्यक्ति के कई कई नाम, रूप बदलकर वोट बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में जिस दिन चुनाव संपन्न हुए उस दिन वोट परसेंटेज आयोग द्वारा कुछ और बताई गई। दो दिन के बाद मतदान में परसेंटेज बढ़ा दी गई, ये कैसे संभव हो गया। हरियाणा में विधानसभा चुनाव हुए मतदान के दिन संपन्न हुए चुनाव में परसेंटेज कुछ दिखाई गई। दो दिन बाद वहां पर भी परसेंटेज बढ़ गई, यह कैसी चुनाव की पारदर्शिता है। हर बार चुनाव आयोग सवालों के घेरे में है। फिर भी बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर के देश के लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हुए हैं।

उपासना ने एमएसडब्ल्यू की परीक्षा में विवि को टॉप किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (विवि) के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (आईएचएल) मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की परीक्षा में गांव भावड़ की बेटी उपासना वाल्मीकि ने विवि को टॉप किया। सोमवार को महिला विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह में विवि के कुलाधिपति और प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। मंगलवार को गांव पहुंचने पर ढोल-नगाड़ो के साथ स्वागत जुलूस निकाला गया। उपासना वाल्मीकि ने अपना स्वर्ण पदक अपने वाल्मीकि समाज को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और उनकी भांति परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने जोर दे कर कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जरूरत है मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की। स्वर्ण पदक विजेता उपासना वाल्मीकि ने कहा कि वह भविष्य में समाज के लिए बेहतर कार्य करना चाहती हैं, ताकि दूसरी बेटियां भी उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। उपासना के पिता रमेश कुमार भावड़ गांव में ही एक निजी स्कूल का संचालन करते हैं।

यूपीआई और रिश्तेदार बनकर साइबर ठगी, दो लोगों से 4.14 लाख रुपये ऐंठे

- बिना अनुमति बैंक खाते में भुगतान सेवा चालू कर निकाली रकम, मलेशिया में फंसे साले के नाम पर भी जालसाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को निशाना बनाकर करीब 4.14 लाख रुपये की चपत लगा दी। एक मामले में बैंक खाते में बिना अनुमति यूपीआई सेवा सक्रिय कर रकम निकाल ली गई, जबकि दूसरे में विदेश में फंसे रिश्तेदार की मदद के बहाने परिवार और परिचितों के खातों से पैसे ट्रांसफर करा लिए गए। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड निवासी सुभाष चंद्र के अनुसार, 22 अक्टूबर को शाम करीब 5:05 बजे उनके मोबाइल पर आईसीआईसीआई बैंक से यूपीआई सेवा सक्रिय होने के संदेश आए। इसके तुरंत बाद खाते से रकम कटने के संदेश मिलने लगे। उन्होंने न तो सेवा चालू करने की अनुमति दी थी और न ही लेन-देन किया था। ठगों ने अलग-अलग लेन-देन के जरिए उनके खाते से 2,20,107 रुपये निकाल लिए। उन्होंने खाता बंद करवाने के साथ हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दी।

फेसबुक पर साले की पहचान से भेजा संदेश

गांव मलिकपुर निवासी सुनील को फेसबुक पर उनके मलेशिया में रहने वाले साले के नाम से संपर्क किया गया। संदेश भेजने वाले ने 10.40 लाख रुपये भेजने की बात कहकर व्हाट्सऐप पर रसीद भेजी और दिल्ली के एक एजेंट को 2.45 लाख रुपये देने को कहा। वीजा रद्द होने और जेल जाने का डर दिखाकर उससे भुगतान करवाया गया। सुनील ने अपने अलावा भाई, दूसरे साले और दोस्त के खातों से भी रकम भेजी। एचडीएफसी, आईडीबीआई और पंजाब नेशनल बैंक के खातों से कुल 1.94 लाख रुपये ट्रांसफर हुए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई।

सरकार और प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

शुगर मिल के बाहर किसानों का धरना जारी, अब सर्कलवार संभालेंगे मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


कामी रोड स्थित शुगर मिल के बाहर गेट पर शुगर मिल के नवीनीकरण, पेराई सत्र जल्द शुरू करने सहित लंबित मांगों को लेकर गन्ना किसानों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले गन्ना किसानों ने अब धरने को मजबूती देने के लिए सर्कल अनुसार जिम्मेदारी संभालने की रणनीति तैयार की है, जिसके चलते रोजाना एक सर्कल रात को धरने पर बैठने की जिम्मेदारी उठाएगा। साथ में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। दिन में सभी सर्कल के किसान धरने पर अपनी हाजिरी लगाएंगे। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल और मंच संचालन बिजेंद्र आंतिल ने किया।



सोनीपत। शुगर मिल के गेट पर धरने पर बैठे गन्ना किसान।

प्रशासन की बेरुखी से किसान नाराज

किसानों की मांग पर सरकार या प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मिल के टेंडर करने की बात कही जा रही है, लेकिन धरने पर प्रशासन की तरफ से कोई अधिकारी इस बात की पुष्टि करने के लिए नहीं पहुंचा है। टेंडर से अलग भी किसानो की मांग है, जिसमें मुख्यतः मिल चालू करने की तारीख साझा की जाए। मिल में जितने गन्ने की पिराई की जाएगी, उसके बाद बचे हुए गन्ने को मिल प्रशासन जहां मन करें, ले जाए। किसान अपना गन्ना लेकर सोनीपत मिल में पहुंचेगा, क्योंकि किसानों का कांट्रेक्ट सोनीपत मिल से है। सभी मांग पूरी न होने तक धरना जारी रहेगा। 29 अक्तूबर को सहकारिता मंत्री की कोठी का घेराव किया जाएगा। किसानों ने मंगलवार को धरने पर शिव मंदिर परिसर में देशी घी की जलेबी का भोग लगाकर भंडारा लगाया। धरने में जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र, जिला वरिष्ठ महासचिव मनोज छिक्कारा, जिला उपाध्यक्ष मंदीप बड़वासनी, राजेंद्र कोहला, राजेश, बिजेंद्र, प्रदीप, मनजीत, राजवीर, धर्मबीर, मुकेश मौजूद रहे।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला




नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप



4 दिसंबर को मनाई जाएगी सेन भगत की जयंती

गोहाना। हर वर्ष की तरह इस बार भी सेन भगत की जयंती मनाई जाएगी। जयंती समारोह 4 दिसंबर को आयोजित होगा। मंगलवार को परगना-52 की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

समाज की बैठक वार्ड 19 के उत्तम नगर स्थित सेन भगत धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परगना-52 के अध्यक्ष दिलबाग बाजवान ने की। महासचिव जगमहेन्द्र बाजवान और कोषाध्यक्ष महेन्द्र खन्दराई द्वारा धर्मशाला में दिए गए अनुदान का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में धर्मबीर मदीना, सतपाल हाठ, रघुवीर गोहाना, लीला गामड़ी, राजेंद्र बुसाना, राममेहर कटारिया और तेजा डाहर को सभा के नए सदस्यों के रूप में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सूरजभान, रामफल, बलवान, हिम्मत, रामदिया, जयसिंह, भलेराम, काला खत्री, रामकिशन, राजेश, अजमेर, विनोदे, प्रेमसुंदर व सुरेश उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग ने जिलास्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता 2026-27 का किया आयोजन

वाद-विवाद में दक्ष वर्मा व मानवी और ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग में वान्या रही प्रथम



सोनीपत। एसएम हिंदू विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों व विभिन्न प्रधानाचार्यों के साथ विजेता विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला शिक्षा विभाग की ओर से एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को जिलास्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताएं 2026-27 आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों के बीच कानूनी अधिकारों और सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, नारा लेखन, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, कानूनी मुद्दों पर क्विज, भाषण, सामाजिक मुद्दों पर डॉक्यूमेंट्री, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, लघु नाटक (स्किट) और वाद-विवाद प्रतियोगिता शामिल रही। प्रत्येक जिलास्तरीय प्रतियोगिता में खंड स्तरीय स्तर पर पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाने वाले विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गन्नौर के खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ नीति ने की। कार्यक्रम राजकीय विद्यालय, गुमड़ के प्रधानाचार्य रूपेंद्र पूनिया, गढ़ी ब्राह्मणान के प्रधानाचार्य अतुल खट्टर, बड़वासनी की प्रधानाचार्य मीना के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

वाद-विवाद प्रतियोगिता में दक्ष वर्मा व मानवी ने प्रथम, दिया व गीतांश ने द्वितीय, तनिष्का व हेरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामाजिक विषय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म में निशु प्रथम, चिराग द्वितीय, हेमा तृतीय रही। निबंध लेखन में श्रुति प्रथम, अंजली द्वितीय, ज्योति तृतीय रही। ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग में वान्या ने पहला, प्रिया ने दूसरा, तमन्ना ने तीसरा स्थान पाया। कविता पाठ में कनन प्रथम, तनिशा द्वितीय, प्रीत तृतीय और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में हंसिका प्रथम, वंशिका द्वितीय, भावना आंतिल तृतीय रही। कानूनी मुद्दों पर क्विज स्पर्धा में चांदनी, हिमांशु, नेहा की टीम प्रथम, सोनाक्षी, तनिशा, स्नेहा की टीम द्वितीय, वंशिका, प्राची, ईशा की टीम तृतीय रही। वहीं लघु नाटक (स्किट) स्पर्धा में मानवी, हर्षिका, मानसी, दिव्या, जिया, काजल की टीम प्रथम, दीक्षा, निकिता, तनीषा, अनीशा, गुंजन, अवनी, काफी, तन्नु की टीम द्वितीय, भूमि, साक्षी, राधिका, नैंसी, महक, कनिका, तमन्ना की टीम तृतीय रही। स्लोगन लेखन में विधि ने पहला, लहर ने दूसरा, हुस्ना ने तीसरा स्थान पाया। भाषण स्पर्धा में निको प्रथम, कनिका द्वितीय, मयंक तृतीय रहा।

न्यूज डायरी



विद्यार्थियों ने चलाया जनजागरुकता अभियान

खरखौदा। बुद्धा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा स्वच्छ भारत अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया। वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में इस अभियान के तहत विद्यालय के नन्हें कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से गांव हसनगढ़ और रोहणा की गलियों में घूम-घूमकर ग्रामीणों को सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता ही सेवा है', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'साइबर अपराधों के विरुद्ध जागरूकता', 'जल है तो कल है' और 'ग्रीन दिवाली' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ अच्छे संस्कार, सामाजिक चेतना और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्यों से भी जोड़ना है, ताकि वे एक स्वच्छ, जागरूक और बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य योगेंद्र दहिया तथा मैनेजमेंट की ओर से आरएन दहिया, कांता दहिया, कामिनी दहिया, नेहा दहिया, कोऑर्डिनेटर शिवानी शर्मा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को जन जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा उत्कृष्ट एवं उत्साहपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



करियर विशेषज्ञ ने भविष्य निर्माण के लिए गुरुकुल के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया

खरखौदा। सत कबीर इंस्टीट्यूट से डॉ. एचडी छिल्लर ने गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू का दौरा किया और विद्यार्थियों के साथ महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक संवाद किया। उन्होंने छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, रोजगार के बदलते अवसरों और अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं एवं कौशलों के बारे में भी बताया गया। डॉ. छिल्लर ने छात्रों को अपनी रुचि, क्षमता और प्रतिभा के अनुसार सही करियर का चुनाव करने की सलाह दी। यह ज्ञानवर्धक सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम ने छात्रों को अपने भविष्य की बेहतर योजना बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिवार ने डॉ. छिल्लर का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई। अंत में उन्हें तुलसी का पौधा देकर प्राचार्य ज्योति मलिक ने संस्था की तरफ से आभार व्यक्त किया।



खरखौदा। सफाई अभियान में भाग लेती महाविद्यालय की छात्राएं।

क्लीन इंडिया के तहत महाविद्यालय की छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

खरखौदा। सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में क्लीन इंडिया प्रोग्राम के तहत महाविद्यालय की छात्राओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया। छात्राओं ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार के नेतृत्व में यूथ नॉडल ऑफिसर डॉ. सारिका ने इस अभियान को सफल बनाने में छात्राओं का मार्गदर्शन किया। डॉ. सारिका ने छात्राओं को सफाई का महत्व बताते हुए कहा कि सफाई रखने से बीमारियां नहीं फैलती। और एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का वास होता है। उन्होंने छात्राओं को कूड़ा डस्टबिन में डालने का संदेश दिया और कहा कि इस पृथ्वी को साफ सुथरा बनाने में हर एक का योगदान जरूरी है।

16 स्टॉलों पर सजे हस्तनिर्मित सामान, सनफ्लावर टीम रही प्रथम

■ टीका राम गर्ल्स कॉलेज में दिवाली मेले में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मकता



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में स्टॉल का निरीक्षण करती कॉलेज स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में स्टूडेंट लेड करियर डेवलपमेंट सेल के अंतर्गत दिवाली मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने 16 स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और उद्यमशीलता का प्रदर्शन किया। स्टॉलों पर खाद्य पदार्थों, मेहंदी, सजावटी वस्तुओं और हरियाणा के पारंपरिक देसी व्यंजनों के साथ छात्राओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित दीये और दीपक बिक्री के लिए रखे गए। प्रतियोगिता में स्टॉलों की सजावट, स्वच्छता, प्रस्तुति, मौलिकता और आकर्षण के आधार पर मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. सीमा ठाकरान, प्राचार्या, राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल, डॉ. मीनू, प्राचार्या, टीका राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सोनीपत और गीता, टीका राम गर्ल्स कॉलेज शामिल रहीं। प्रतियोगिता में सनफ्लावर टीम ने प्रथम, ऑर्किड और डेजी टीमों ने द्वितीय तथा लोटस और मंगल्या टीमों ने तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. उषा दहिया ने छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनकी मेहनत और उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करते हैं। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

यूनाइटेड स्टेट्स दहिया एजुकेशन सोसाइटी द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह 30 को बिधलान में

खरखौदा। यूनाइटेड स्टेट्स दहिया एजुकेशन सोसाइटी का 37 वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 30 अक्टूबर को राजकीय स्कूल बिधलान में आयोजित किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को सम्मान देना तथा समाज में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सोसाइटी के इस वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि करनाल सिंह, आईपीएस (प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व अधिकारी) होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में ममता सिंह, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तथा डॉ. पंकज यादव, आईएएस, आयुक्त, पानीपत को आमंत्रित किया गया है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 50 से अधिक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत कक्षा 12 वीं में अपने-अपने ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 50,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिधलान गांव के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। गांव बिधलान के कॉलेज विद्यार्थियों को भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। सोसाइटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. राजवीर दहिया, अध्यक्ष डॉ. रविंद्र सिंह अहलावत, सचिव डॉ. अरुण नेहरा, आईपीएस (हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारी) तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिधलान के प्राचार्य दीपक अंतिल ने इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

वीर बंदा बैरागी ने हिला दी थी मुगल हुकूमत की नींव



गोहाना। सुखमणि समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सचखंड गुरुद्वारे में वीर बंदा बैरागी की जयंती मनाई गई। समारोह में वीर बंदा बैरागी को राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान के लिए याद किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा वीर बंदा बैरागी एक ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने मुगल हुकूमत की नींव हिला दी थी और खालसा राज की स्थापना की। उन्होंने मुगल शासन के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वीर बंदा बैरागी ने जमींदार प्रथा को खत्म कर किसानों को उनकी जमीन का मालिक बनाया। उनका जीवन साहस बलिदान और न्याय का प्रतीक है। समारोह की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष मंजू सचदेवा ने की। उन्होंने कहा कि वीर बंदा बैरागी ने अपनी वीरता से सरहिंद को फतह किया और वजीर खान को मौत के घाट उतार कर गुरु गोविंद सिंह और उनके साहबजादों पर हुए अत्याचारों का बदला लेकर सिख कौम का मान बढ़ाया। मार्गदर्शन मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया का रहा। इस मौके पर हर भगवान चोपड़ा, सोमवीर सिंहमार, अनिल सैनी, मनोज कुमार, सुषमा सेतिया, संगीता, काजल, प्रियंका व मुकेश मौजूद रहे।



गोहाना। डॉ. मंगल सेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

डॉ. मंगल सेन को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगल सेन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम शहर में पुराना बस अड्डा स्थित मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया के निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों ने डॉ. मंगल सेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि डॉ. मंगल सेन अपनी सादगी, राष्ट्रवाद और वेदाग ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं। उनका जन्म 27 अक्टूबर 1927 को तत्कालीन अविभाजित भारत सरगोधा जिले के सांवरिया गांव में हुआ था। सत्ता के शीर्ष पर रहने के बावजूद भी विलासिता से कोशो दूर रहे। उनके पास अपनी कोई निजी संपत्ति या गाड़ी नहीं थी। वह रोहतक में एक किराए के मकान में रहते थे और जनता के बीच जाने के लिए दो पहिया वाहन या साइकिल का इस्तेमाल करते थे। उनकी लोकप्रियता इतनी जबरदस्त थी कि वह रोहतक विधानसभा सीट से लगातार सात बार विधायक और बाद में उप मुख्यमंत्री बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। इस अवसर पर हर भगवान चोपड़ा, उधम सिंह, सोमवीर, अनिल, सुषमा सेतिया, मुकेश, प्रियंका काजल व संगीता उपस्थित रहे।

हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग ने मास्टर प्रशिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

■ मुरथल में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों और इको क्लबों के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने पर जोर



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पहुंचे अधिकारीगण साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा वन विभाग की ओर से कैंपा योजना के तहत 26 और 27 अक्टूबर को मुरथल स्थित क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र में दो दिवसीय मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'हरितिमाः हरियाली का रंग, हरियाणा के संग' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवदीप हुड्डा, आईएफएस, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कैंपा, हरियाणा और घनश्याम शुक्ला, आईएफएस, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) ने पौधरोपण करके किया। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के सेवानिवृत्त वन संरक्षक अखिलेश कुमार खरे और सुनील कुमार सिन्हा तथा मध्य प्रदेश ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के प्रबंधक एवं समन्वयक विशाल पाटिल ने प्रशिक्षकों को व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने, जंगलों और जैव विविधता के संरक्षण तथा पर्यावरण शिक्षा के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की गई। हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित मास्टर प्रशिक्षकों ने भाग लिया। वन संरक्षक, प्रचार एवं प्रशिक्षण, पंचकूला बी. निवेदिता, आईएफएस सहित अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण से प्रदेश में पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

राधा-कृष्ण का प्रेम सांसारिक प्रेम से परे आत्मा और परमात्मा का मिलन : भारद्वाज



खरखौदा। शहर के सैनी गढ़ी मोहल्ला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक वृंदावन वासी हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने भागवत कथा के दौरान मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के दिव्य प्रेम, भक्ति और समर्पण का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राधा-कृष्ण का प्रेम सांसारिक प्रेम से परे आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। कथा में श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं और राधा रानी के प्रति उनके अटूट प्रेम का प्रसंग सुनाया गया। रासलीला के प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रेम, सद्भाव और ईश्वर के प्रति विश्वास का महत्व समझाया गया। कथा में बताया गया कि सच्ची भक्ति के लिए मन में अहंकार का त्याग और प्रेम की भावना होना आवश्यक है। राधा-कृष्ण के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया और वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपनाने तथा जीवन में प्रेम, करुणा और सदाचार बनाए रखने की प्रेरणा दी। राधा-कृष्ण के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया और भगवान के चरणों में सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रतियोगिता

बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया

410 बच्चों ने रंगोली, स्केचिंग व पोस्टर निर्माण में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उपायुक्त एवं परिषद की अध्यक्ष नेहा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें लगभग 410 बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में रंगोली, मिट्टी से कलाकृति निर्माण, रेखाचित्र, मौके पर पोस्टर निर्माण और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ कला, संस्कृति, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनमें अनुशासन व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनीता, पीजीटी ने किया। निर्णायक मंडल ने बच्चों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किए।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं उपायुक्त का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यश व युवराज खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अव्वल



गोहाना। शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल के कक्षा 11 के छात्र यश पुत्र नरेश कुमार और कक्षा 10 के छात्र युवराज पुत्र मनोज कुमार को मंगलवार को सम्मानित किया गया। दोनों विद्यार्थियों को खंड स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम रहने पर जिला स्तर पर प्रस्तावित विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयन पर सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा, संयुक्त अध्यक्षता स्कूल के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा के अनुसार यश का चयन ग्रीन एनर्जी एंड कंजर्वेशन थीम और युवराज का चयन डिजास्टर मैनेजमेंट थीम के लिए हुआ। डॉ. सचिन ने विद्यार्थियों को ईमानदारी से मेहनत करने और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. विनोद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त

गोहाना। भारतीय जनता पार्टी की गोहाना जिला इकाई ने गोहाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. विनोद जैन को अल्पसंख्यक मोर्चे का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मंगलवार को शहर के सरकारी विश्रामगृह पर पहुंचे प्रदेश के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण पंवार ने नई नियुक्ति मिलने पर डॉ. विनोद जैन को सम्मानित किया। डॉ. विनोद जैन शहर की मार्कीट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन हैं। अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला अध्यक्ष के नए दायित्व के लिए डॉ. विनोद जैन को गोहाना भाजपा के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अमरजीत सिंह, प्रवीण खुराना, पवन शर्मा, राजमल मलिक, बलराम कौशिक व आर्यन निजामपुर आदि उपस्थित थे।

सूचना

मैं, राजेश शर्मा पुत्र श्री मायाचन्द निवासी गांव घडवाल, तहसील गोहाना, हाल निवासी आदर्श नगर, वार्ड नंबर-5, गोहाना, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हर्ष व पुत्रवधू अन्नु शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल तथा संबंध विच्छेद करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुहणा में झींगा मछलीपालन हेतु भाग नं. 14 से 22 की बोली दिनांक 30.10.2026 को सुबह 10 बजे गांव के ग्राम सचिवालय में कराई जाएगी। सिक्योरिटी राशि 30 हजार रुपये प्रति तालाब होगी। बोली की बाकी सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत गुहणा
खण्ड सोनीपत

40 छात्राओं को हॉकी, 45 छात्रों को एथलेटिक्स में निपुण बना अंतरराष्ट्रीय राह दिखाने की तैयारी

भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में पांच दिवसीय अंतिम व चौथे चरण में खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



सोनीपत। राई स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रशिक्षण शिविर में मौजूद प्रशिक्षक व राजकीय विद्यालयों के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- विभिन्न राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को दिया जा रहा हॉकी व एथलेटिक्स का प्रशिक्षण

राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से स्प्रिंट योजना कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण, सोनीपत में 12 से 30 अक्तूबर तक चल रहे पांच-पांच दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का चौथा एवं अंतिम चरण प्रारंभ किया गया। शिविर में प्रदेशभर के विभिन्न राजकीय विद्यालयों से हॉकी की 40 छात्राएं और एथलेटिक्स के 45 विद्यार्थियों को सुबह-शाम अनुभवि प्रशिक्षकों की ओर से नवीनतम तकनीकों, कौशल व खेलों की बारीकियों का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारना, उनके खेल प्रदर्शन में सुधार लाना और भविष्य में राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। शिविर राज्य परियोजना निर्देशक एस. रविन्द्र पाटिल, भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के कार्यकारी निदेशक रितु पथिक, खेल प्राधिकरण के अधिकारी अतिरिक्त निदेशक आर. माधव कृष्णन के सानिध्य में खेल प्रशिक्षकों की ओर से राजकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी राज्य परियोजना निदेशालय से डॉ. सुधीर व विपुल को सौंपी गई है, जबकि परमिंदर सिंह को प्रशिक्षण शिविर का नोडल अधिकारी और जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला परियोजना सह संयोजक अत्तर सिंह, ललित रोहिल्ला, मंजीत, जगमोहन, गीता को विद्यार्थियों के लिए व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य तैराकी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- प्रांजल सरोहा ने दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते, इराज सहरावत और अनव मलिक का भी शानदार प्रदर्शन

बहादुरगढ़ के सेक्टर-37 स्थित एचएल सिटी में अक्टूबर माह में आयोजित 43वीं सब-जूनियर और 53वीं जूनियर हरियाणा राज्य तैराकी चैंपियनशिप 2026 में ब्राइट स्कॉलर विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदक जीते। प्रांजल सरोहा ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। इराज सहरावत ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते, जबकि अनव मलिक ने तीन रजत पदक अपने नाम किए। उदयंत ढाका ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत, त्रिशा ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य और सोनित सरोहा ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। अगस्त्य भनवाला ने चार गुणा 100 मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक हासिल किया। युवराज ने भी प्रतियोगिता में अच्छी भागीदारी की। टीम ने नीरज सांगवान के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने पदक विजेताओं को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।



गन्नौर। पदक विजेता प्रिंस पहल, नुकुल सैनी व सुदर्शन के साथ प्रतियोगिता के आयोजक।

ऑल इंडिया ओपन डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में गन्नौर के तीन खिलाड़ियों ने जीते पदक

गन्नौर। गुरुग्राम में आयोजित आल इंडिया ओपन डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में गन्नौर के द शिवा जिम के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। 25 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता में प्रिंस पहल ने अपनी श्रेणी में 240 किलोग्राम भार उठा कर स्वर्ण जीता। वहीं नुकुल सैनी ने भी अपनी श्रेणी में 200 किलोग्राम भार उठा कर स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि सुदर्शन ने अपनी श्रेणी में 195 किलोग्राम भार उठा कर रजत पदक अपने नाम किया। तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिम में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर द शिवा जिम में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी अंकित मल्होत्रा, तरुण चुघ, पार्षद डा. राजेश शर्मा, विकास भगवती, पार्षद अजय सरोहा ने खिलाड़ियों व कोच अनिल पहल को सम्मानित किया।

सोनाक्षी ने राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में जीते तीन स्वर्ण और एक रजत पदक



सोनीपत। डीएवी मल्टीपरपज पब्लिक स्कूल की होनहार तीरंदाज सोनाक्षी ने 17वीं जूनियर (अंडर-21) राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। झारखंड के ढुमका में आयोजित प्रतियोगिता में सोनाक्षी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस शानदार उपलब्धि के आधार पर सोनाक्षी का चयन जयपुर में आयोजित होने वाली जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है।

न्यूज डायरी



सोनीपत। जीवीएम में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए।

लोकतंत्र के बदलते आयामों पर व्याख्यान

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से सेमिनार हॉल में 'भारत में लोकतंत्र के बदलते आयाम' विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें 128 छात्राओं ने भाग लेकर भारतीय लोकतंत्र की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और नागरिकों की भूमिका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परुथी और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को ऐसे आयोजनों का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीतिक जागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता की समझ विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को शैक्षणिक चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी करने और लोकतंत्र के सिद्धांतों को गहराई से समझने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता डा. कुशल पाल, प्राचार्य, आईजीएनसी, लाडवा ने भारतीय लोकतंत्र के बदलते स्वरूप और समकालीन राजनीतिक परिस्थितियों पर विचार रखे। उन्होंने लोकतंत्र के अर्थ, सिद्धांतों और महत्व के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनभागीदारी तथा नागरिकों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनके व्याख्यान से छात्राओं को समसामयिक राजनीतिक मुद्दों को समझने का अवसर मिला।



सोनीपत। जेसीबी से सड़कों पर पड़ा मलबा हटवाते हुए मेयर राजीव जैन।

सड़कों से मलबा हटाने का अभियान प्रारंभ

सोनीपत। शहर की सड़कों को साफ-सुथरा बनाने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नगर निगम ने निर्माण सामग्री, घरेलू निर्माण मलबे और निर्माण एवं तोड़फोड़ से निकलने वाले कचरे को हटाने का अभियान शुरू किया है। मेयर राजीव जैन ने पार्षद मुकेश बामनिया के साथ बस स्टैंड से अभियान की शुरुआत करवाई। नगर निगम ने अगले दो से तीन महीनों में शहर की सड़कों से मलबा हटाने का लक्ष्य रखा है। मेयर राजीव जैन ने कहा कि सड़कों पर जगह-जगह पड़ा निर्माण मलबा आवागमन में बाधा बनता है। वाहनों की आवाजाही से मलबे की धूल उड़ती है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। शहर में प्रदूषण कम करने के लिए सड़कों की सफाई के साथ धूल और निर्माण सामग्री का उचित प्रबंधन भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर सोनीपत बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के साथ वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। मेयर ने शहरवासियों से अपील की कि घरों के निर्माण और मरम्मत से निकलने वाला मलबा सड़कों, खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थानों पर न डालें। इसका उचित निस्तारण करवाकर नगर निगम के अभियान में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही शहर को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण कम करने के प्रयास सफल होंगे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक

सोनीपत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत की ओर से सुरक्षित बचपन अभियान के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता शिविर लगाए गए। इनमें विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो) और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता रीता धनखड़ ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मण और बैंयापुर में शिविर लगाए। पैनल अधिवक्ता स्वाति ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नांगल कलां में तथा इरा रानी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक किया। लीगल एड काउंसल नवनीत ने कृष्णा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। शिविरों में बच्चों को अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान, यौन शोषण से बचाव, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। साइबर सेल के रिसोर्स पर्सन गुलशन और जिला बाल संरक्षण इकाई, सोनीपत की रिसोर्स पर्सन प्रेमलता ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, निजी जानकारी साझा करने के खतरों और इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। प्राधिकरण का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित परिस्थितियों की पहचान करने में सक्षम बनाना और उनके अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



ब्रह्मज्ञान की शिक्षाओं को अपनाएं: सुदीक्षा

गन्नौर। ब्रह्मज्ञान की वास्तविक सार्थकता उसे जीवन में अपनाने और अपने विचारों, व्यवहार एवं कर्मों में शामिल करने में है।" ये दिव्य भाव सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने पावन आशीर्वचनों द्वारा प्रदान किए। समागम से आध्यात्मिक प्रेरणा और मधुर स्मृतियां लेकर श्रद्धालु भक्तजन धीरे-धीरे अपने-अपने गंतव्यों की ओर प्रस्थान करने लगे। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते अपने पावन प्रवचनों में फरमाया कि 'जागृति' केवल सत्संग या समागम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर पल में निराकार परमात्मा के अहसास के साथ जीने का नाम है। ब्रह्मज्ञान की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हम इसे अपने विचारों, व्यवहार और कर्मों में अपनाएं। सतगुरु माता जी ने सकारात्मक सोच, प्रेम, करुणा और विनम्रता अपनाने तथा दूसरों की कमियों के बजाय उनकी खूबियों को देखने की प्रेरणा दी।



चार विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन में किया देश का प्रतिनिधित्व

सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत के चार विद्यार्थियों का चयन नेक्स्ट जनरेशन एआई अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2026 में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया । सम्मेलन 19 से 22 अक्टूबर तक इटली के मिलान और लेक कोमो में आयोजित हुआ। विद्यार्थी विद्यालय की वैश्विक संपर्क निदेशक अर्चना शर्मा के नेतृत्व में 18 अक्टूबर को इटली रवाना हुए। सम्मेलन में मायरा शर्मा, प्रियांशी शुभ और वंशिका ने भाग लिया। इटली के शिक्षा एवं योग्यता मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में विचारों के आदान-प्रदान और नई तकनीकों को समझने का अवसर मिला। इससे उनकी तकनीकी समझ, रचनात्मक सोच और वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला। विद्यालय के अध्यक्ष एसके शर्मा ने उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

सतबीर सिंह (जाटी) जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत (ग्रामीण) के अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



राई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने संगठन में नियुक्ति करते हुए सतबीर सिंह (जाटी) को जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत (ग्रामीण) के अनुसूचित जाति विभाग का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष मनोज बागड़ी ने नियुक्ति पत्र जारी किया। सतबीर सिंह (जाटी) को जिला संगठन की जिम्मेदारी मिलने पर हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित संबंधित वरिष्ठ नेताओं और संगठन पदाधिकारियों का आभार जताया है। सतबीर सिंह जाटी का राजनीतिक सफर पंचायत स्तर से शुरू हुआ। उन्होंने वर्ष 1990 में पंचायत सदस्य के चुनाव में भाग लिया। इसके बाद वर्ष 1994 में ब्लॉक समिति सदस्य रहे। वर्ष 1996 से 2000 तक सरपंच के पद पर जिम्मेदारी निभाई। इसके बाद वर्ष 2000 से 2005 तक ब्लॉक समिति सदस्य रहे। वहीं, वर्ष 2010 से 2015 तक दोबारा सरपंच के पद पर कार्य किया। उनके इस राजनीतिक सफर में पंचायत और ग्रामीण स्तर पर अलग-अलग पदों पर काम करने का अनुभव शामिल है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने बधाई देते हुए उनकी नियुक्ति को लेकर पार्टी का आभार व्यक्त किया।

माता दूध बेचती रही, बेटा मेहनत से देश के लिए जीत लाया कांस्य पदक

- एशियन पैरा गेम्स में पदक जीतकर गांव पहुंचे प्रवीन बजाड़ का जोरदार स्वागत, वीरेंद्र कादियान ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

एशियन पैरा गेम्स में शॉटपुट में कांस्य पदक जीतकर गांव पांची जाटान पहुंचे पैरा एथलीट प्रवीन बजाड़ का मंगलवार को ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। जाहरी चौक से वाहनों के काफिले के साथ उन्हें गांव में समारोह स्थल तक लाया गया। बजाड़ वाली चौपाल में आयोजित सम्मान समारोह में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज एवं मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी वीरेंद्र कादियान ने प्रवीन को नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। प्रवीन की सफलता को गांव और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया गया।मुख्य अतिथि वीरेंद्र कादियान ने कहा कि प्रवीन ने दृढ़ इच्छाशक्ति से साबित किया है कि खेल में कोई भी चुनौती सफलता का रास्ता नहीं रोक सकती। एशियन पैरा गेम्स में कांस्य पदक जीतना प्रवीन के संघर्ष, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।



गन्नौर। पैरा एथलीट प्रवीन बजाड़ का मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी वीरेंद्र कादियान स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सिविल सेवा परीक्षार्थियों के लिए उपयोगी होगी 'इंटरनेशनल रिलेशंस' पुस्तक : डॉ. अर्चना गुप्ता

राई। भाजपा हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को सोनीपत स्थित निजी विश्वविद्यालय में 'इंटरनेशनल रिलेशंस' पुस्तक के तीसरे संस्करण का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक सिविल सेवा और राज्य सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। इससे विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम और समसामयिक विषयों को समझने में मदद मिलेगी। पुस्तक का लेखन हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति एवं उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार और फरीदाबाद के डीसीपी डॉ. राजेश कुमार मोहन ने किया है। कार्यक्रम में भारत के पूर्व राजदूत सुव्रत भट्टाचार्जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और उचित मार्गदर्शन जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की समझ वैश्विक घटनाक्रम का विश्लेषण करने में सहायक होती है।



सोनीपत। बैठक के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष साथ में प्रभारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली महारैली को लेकर कांग्रेसियों ने भरी हुंकार

- 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली की सफलता को लेकर कांग्रेस भवन में जुटा कुनबा : कमल

सोनीपत। राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आगामी 1 नवंबर को आयोजित होने वाली कांग्रेस की महारैली को लेकर कांग्रेस भवन में ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान प्रभारी नीतू वर्मा सोइन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संगठन की मजबूती और जनभागीदारी बढ़ाने पर गहन मंथन हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली यह महारैली देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगी। सोनीपत जिला हमेशा से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है और इस बार भी शहर के प्रत्येक वार्ड, ब्लॉक और मोहल्ले से कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ दिल्ली कूच करेंगे। कमल दिवान ने पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जाकर आम जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क साधें। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है, जिसमें कांग्रेस के हर निष्ठावान साथी को अपनी आहुति देनी होगी। एआईसीसी प्रभारी नीतू वर्मा सोइन ने कहा कि आज देश का आम जनमानस महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक विफलताओं से त्रस्त है।

राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में अभाविप इकाई गठित

गोहाना। बड़ौता में स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी इकाई का गठन किया गया। अभाविप की नई इकाई के गठन के अवसर पर छात्रों के हितों, शिक्षा की गुणवत्ता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए नई कार्यकारिणी का ऐलान किया गया। बड़ौता कॉलेज में अभाविप की नई इकाई का गठन हरियाणा सफाई आयोग के मानद सदस्य मोहित वाल्मीकि की उपस्थिति और उनके सानिध्य में हुआ। उन्होंने नई कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं। सफाई आयोग के मानद सदस्य ने कॉलेज की नई इकाई की टीम को विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने की शपथ दिलाई। अभाविप की टीम को संबोधित करते हुए मोहित वाल्मीकि जी ने कहा कि युवा और छात्र शक्ति देश का भविष्य हैं। विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हितों और समाज सेवा के लिए तत्पर रहने वाला संगठन है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर काव्य संध्या में कवियों ने रचनाओं से बांधा समां

- डॉ. पूरणमल गौड़ मुख्य अतिथि और रामधन शर्मा मुख्य वक्ता रहे, वाल्मीकि के जीवन और रामायण की महत्ता पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सोनीपत इकाई की ओर से सेक्टर-14 स्थित 143 नंबर स्थान पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में भव्य काव्य संध्या आयोजित की गई। हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. पूरणमल गौड़ मुख्य अतिथि, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामधन शर्मा मुख्य वक्ता और डॉ. जेसी बत्रा संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवयित्री डॉ. कमलेश मलिक ने की। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इकाई की महामंत्री प्राचार्या किरण गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। रामधन शर्मा ने भगवान राम का भजन सुनाया और संस्कृत में संपूर्ण रामायण का सार दस मिनट में प्रस्तुत कर श्रोताओं को प्रभावित किया। डॉ. कमलेश मलिक ने अपनी रचना के माध्यम से वाल्मीकि की काव्य प्रतिभा और करुणा का वर्णन किया। आयुर्वेदाचार्य डॉ. धर्मवीर मलिक योगी ने रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने की यात्रा बताई। कोषाध्यक्ष गीता सैनी ने राम वंदना प्रस्तुत की। सरस्वती ने भगवान राम पर गीत सुनाया, जबकि 95 वर्षीय पंडित सत्यनारायण ने महर्षि वाल्मीकि की प्रशंसा में रचना सुनाई। सतीश बंसल ने भी विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ. पूरणमल गौड़ ने नारद ऋषि के संपर्क में आने के बाद वाल्मीकि के जीवन परिवर्तन का प्रसंग सुनाया। उन्होंने रामायण को भारतीय संस्कृति, संस्कार, मर्यादा और मानवता का प्रतीक बताया। डॉ. जेसी बत्रा ने जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला। इकाई अध्यक्ष नरेश आकाश ने सभी साहित्यकारों का आभार जताते हुए भविष्य में बड़े कवि सम्मेलन, चर्चाएं और संगोष्ठियां आयोजित करने की बात कही।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

जिला बार एसोसिएशन ने न्यायिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए, जिला जज को सौंपा मांगपत्र



सोनीपत। जिला बार एसो ने न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष मांगें रखी हैं। बार एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र सैनी के नेतृत्व में सौंपे गए पत्र में लोकल कमिश्नर और कोर्ट कमिश्नर के पदों की संख्या बढ़ाने, मुफ्त कानूनी सहायता के लिए खाली पड़े डिफेंस काउंसल के पद भरने और अधिवक्ताओं की शिकायतों को बार एसोसिएशन के माध्यम से प्राप्त करने की मांग की गई है। साथ ही पोटा चैंबरों से संबंधित फाइल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की मंजूरी के लिए भेजने तथा नए अधिवक्ताओं को काम के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया गया है। बार एसोसिएशन ने कहा कि लोकल कमिश्नर और कोर्ट कमिश्नर के पदों की संख्या बढ़ने से अधिक अधिवक्ताओं को जिम्मेदारी मिलने के साथ व्यावहारिक अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा।